# मुझ पर दोबारा विश्वास गर्व की बात: मांडवी

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह को पुनः कुलपति नियुक्त किए जाने के बाद उन्होंने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से औपचारिक भेंट की। प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि उन पर पुनः विश्वास गौरव के साथ महत्वपूर्ण दायित्व भी है।

राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के दौरान प्रो. मांडवी सिंह ने पुनः जिम्मेदारी सौंपे जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास को और गति देने तथा विद्यार्थियों के हित में समर्पित भाव से कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय के विकास और उन्नयन के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रगति करेगा। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भारतीय कला एवं संस्कृति की समृद्ध परंपरा को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की दोबारा कुलपति बनने के बाद प्रो . मांडवी सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।